भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या *223**
उत्तर देने की तारीख 17.03.2025

**क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र**

***223. श्री अ. मनि :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा तमिलनाडु सहित देश में लोक, जनजातीय तथा स्थानीय कला और संस्कृति की सुरक्षा, संवर्धन और संरक्षण के लिए स्थापित सात क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों (जेडसीसी) के उद्देश्य और अधिदेश क्या हैं;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक जेडसीसी द्वारा केन्द्रवार किए गए कार्यकलापों, कार्यक्रमों और पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक जेडसीसी को आवंटित, जारी और उसके द्वारा उपयोग की गई कुल धनराशि कितनी है;

(घ) क्या सरकार ने जेडसीसी के माध्यम से लुप्तप्राय जनजातीय और लोक कला रूपों के डिजिटल संग्रहण, दस्तावेजीकरण या संवर्धन के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड.) क्या भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत के बेहतर संरक्षण के लिए जेडसीसी के दायरे का विस्तार करने, नए सांस्कृतिक केन्द्र स्थापित करने या निजी संस्थानों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ सहयोग करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री**
**(गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ड.) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**'क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र' के संबंध में दिनांक 17 मार्च, 2025 को श्री अ. मनि द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *223 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क): भारत सरकार ने तमिलनाडु सहित देश में लोक, जनजातीय और स्थानीय कला एवं संस्कृति के विभिन्न रूपों को संरक्षित, संवर्धित और परिरक्षित करने हेतु देश में सात क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र (जेडसीसी) स्थापित किए हैं जिनके मुख्यालय पटियाला (पंजाब), नागपुर (महाराष्ट्र), उदयपुर (राजस्थान), प्रयागराज (उत्तर प्रदेश), कोलकाता (पश्चिम बंगाल), दीमापुर (नागालैंड) और तंजावुर (तमिलनाडु) में स्थित हैं। इन जेडसीसी की स्थापना का उद्देश्य इनमें सम्मिलित क्षेत्रों की विशिष्टता को कायम रखने के साथ-साथ राष्ट्र को सांस्कृतिक रूप से एक सूत्र में बांधना था। इन जेडसीसी को स्थापित करने के लक्ष्य और उद्देश्य इस प्रकार हैं:

- संबंधित क्षेत्र में कलाओं के प्रदर्शन और प्रसार को परिरक्षित एवं संवर्धित करना;
- उनकी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता का विकास और संवर्धन करना;
- लोक एवं जनजातीय कलाओं को बढ़ावा देना और लुप्तप्राय कलाओं का परिरक्षण करना;
- कलाकारों को सृजनात्मक सांस्कृतिक संचार में शामिल करना और विभिन्न क्षेत्रों के बीच संयोजन और भारतीय संस्कृति में उनके योगदान पर विशेष बल देना।

ये जेडसीसी वर्ष भर नियमित आधार पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकलापों और कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं जिसके लिए उन्हें वार्षिक सहायता अनुदान प्रदान किया जाता है। इसके अतिरिक्त, संस्कृति मंत्रालय इन जेडसीसी के माध्यम से राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव (आरएसएम) का भी आयोजन करता है जिनमें पूरे भारत से बड़ी संख्या में लोक/जनजातीय कलाकारों को शामिल किया जाता है जो इन कार्यक्रमों के दौरान अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करते हैं। नवंबर, 2015 से, संस्कृति मंत्रालय द्वारा देश भर में चौदह (14) आरएसएम और चार (04) क्षेत्रीय स्तर के आरएसएम आयोजित किए गए हैं।

(ख): विगत तीन वर्षों (2021-22 से 2023-24) के दौरान क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों द्वारा आयोजित प्रमुख सांस्कृतिक कार्यकलाप/कार्यक्रम **अनुलग्नक** पर हैं ।

(ग): विगत तीन वर्षों के दौरान क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों को आवंटित/जारी की गई तथा उनके द्वारा उपयोग की गई धनराशि निम्नानुसार है:

(रुपए लाख में)

| क्र. सं. | जेडसीसी का नाम | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आवंटित/जारी की गई धनराशि | उपयोग की गई धनराशि | आवंटित/जारी की गई धनराशि | उपयोग की गई धनराशि | आवंटित/जारी की गई धनराशि | उपयोग की गई धनराशि |
| 1. | एनजेडसीसी, पटियाला | 434.00 | 434.00 | 1170.00 | 1170.00 | 1702.00 | 1702.00 |
| 2. | एनसीजेडसीसी, प्रयागराज | 2267.30 | 1181.65 | 2751.41 | 2910.60* | 5406.84 | 4494.70 |
| 3. | डब्ल्यूजेडसीसी, उदयपुर | 560.70 | 560.70 | 1718.30 | 1718.30 | 1597.71 | 1739.63* |
| 4. | एससीजेडसीसी, नागपुर | 775.20 | 938.63* | 916.20 | 1214.49* | 1244.24 | 1208.05 |
| 5. | ईज़ेडसीसी, कोलकाता | 1058.94 | 1138.20* | 943.57 | 1051.73* | 2899.36 | 2226.95 |
| 6. | एसजेडसीसी, तंजावुर | 724.00 | 724.00 | 623.00 | 623.00 | 889.00 | 889.00 |
| 7. | एनईजेडसीसी, दीमापुर | 1149.74 | 1149.74 | 931.50 | 931.50 | 827.14 | 827.14 |

*उनके द्वारा या तो विगत वर्ष की अव्ययित शेष राशि का उपयोग किया गया है या अपनी स्वयं अर्जित धनराशि का उपयोग किया गया है।

(घ): संकटापन्न जनजातीय और लोक कला रूपों का प्रलेखन या संवर्धन करने के लिए, सभी क्षेत्रीय कला केंद्र देश के लुप्तप्राय कला रूपों के पुनरुद्धार की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। हाल ही में, इस मंत्रालय ने वस्त्र मंत्रालय, राज्य सरकारों के सांस्कृतिक विभागों, विभिन्न राज्य/केंद्रीय

विश्वविद्यालयों के लोकसाहित्य और सांस्कृतिक अध्ययन विभागों के सहयोग से सभी 7 क्षेत्रों में प्रभागीय स्तर पर सभी क्षेत्रीय कला केंद्रों द्वारा 'विलुप्त लोक एवं जनजातीय कला उत्थान महोत्सव' (लुप्तप्राय कला रूपों का उत्सव) का भी आयोजन किया है ।

ये जेडसीसी हमारे लोक और जनजातीय कला रूपों को नई पीढ़ी के कला समर्थकों और कला व्यवसायियों के बीच परिरक्षित, प्रलेखित और प्रसारित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और प्रलेखन कार्य करते हैं जिसमें ऑडियो, वीडियो, प्रकाशन, मोनोग्राफ, यथा लाख की गुड़िया, नट्टुआ, चादर बदर कठपुतली कला, गोटीपुआ नृत्य, सौरा पेंटिंग, भित्ति चित्र, लामा नृत्य, मयूरभंज छऊ, गिद्दा लोक नृत्य, झूमर नृत्य, लद्दाख के मठ, भांड पाथेर, फुम्मनियाम, बुर्राकथा, कलमकारी का गीत, ढोला मारू, सरगुजा के पहाड़ी कोरबा, खड़ी गम्मत, लियांगमई नागा लोक गीत, मिटेरी सैनु, अंगामी लोक गीत, वृत्तचित्र फिल्म (हॉर्न हाउस, रिखिया भवन और धनगारी गाजा), लंबाडी, बोम्मालाट्टम, पुलिक्कली, छाया कठपुतली, देवा कूत्तु आदि शामिल हैं।

(ड.): सभी जेडसीसी देश के प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सांस्कृतिक आवश्यकताओं को संतोषजनक रूप से पूरा करते हैं। जेडसीसी द्वारा देश के सभी जिलों में कार्यक्रम/कार्यकलाप आयोजित किए जाते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सांस्कृतिक जागरूकता/विविधता आम जनता तक मूलभूत स्तर पर पहुँचे। इस प्रकार, वर्तमान में नए सांस्कृतिक केंद्र स्थापित करने/जेडसीसी के दायरे का विस्तार करने की आवश्यकता नहीं है।

*****

अनुलग्नक

**'क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र' के संबंध में दिनांक 17 मार्च, 2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *223 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

पिछले तीन वर्षों (2021-22 से 2023-24) के दौरान जेडसीसी द्वारा आयोजित प्रमुख सांस्कृतिक कार्यकलाप /कार्यक्रम

**उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एनजेडसीसी), पटियाला:**

**2021-22**

| क्र. सं. | कार्यकलापों/कार्यक्रमों का नाम | तारीख | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|---|
| i. | तुरतुक महोत्सव | 22 से 25 सितंबर, 2021 | संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख |
| ii. | अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव | 2 से 19 दिसंबर, 2021 | हरियाणा |
| iii. | अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेला | 19 से 31 मार्च, 2021 | हरियाणा |

**2022-23**

| क्र. सं. | कार्यकलापों/कार्यक्रमों का नाम | तारीख | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|---|
| i. | सिन्धु दर्शन महोत्सव एवं सांस्कृतिक यात्रा | 18 से 30 जून, 2022 | पंजाब, संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर, संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख और हिमाचल प्रदेश |
| ii. | 12वां चंडीगढ़ राष्ट्रीय शिल्प मेला | 7 से 16 अक्टूबर, 2022 | संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़ |
| iii. | अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव | 19 नवंबर से 6 दिसंबर, 2022 | हरियाणा |
| iv. | आदि शौर्य-पर्व पराक्रम का | 23 और 24 जनवरी, 2023 | नई दिल्ली |
| v. | भारत पर्व | 26 से 31 जनवरी, 2023 | नई दिल्ली |

**2023-24**

| क्र. सं. | कार्यकलापों/कार्यक्रमों का नाम | तारीख | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|---|
| i. | किला और कहानियाँ | 17 से 21 मई, 2023 | हिमाचल प्रदेश |
| ii. | किला और कहानियाँ | 31 मई से 4 जून, 2023 | संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर |
| iii. | गंगा संस्कृति यात्रा | 12 से 15 जून, 2023 | उत्तराखंड |
| iv. | सिन्धु दर्शन महोत्सव एवं संस्कृति यात्रा | 15 से 30 जून, 2023 | पंजाब, संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर, संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख और हिमाचल प्रदेश |
| v. | वितस्ता महोत्सव | 23 से 25 जून, 2023 | संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर |
| vi. | क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव | 5 सितंबर, 2023 | राजस्थान |
| vii. | 13वां चंडीगढ़ राष्ट्रीय शिल्प मेला | 1 से 10 दिसंबर, 2023 | संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़ |
| viii. | अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव | 7 से 24 दिसंबर, 2023 | हरियाणा |
| ix. | भारत पर्व-2024 | 23 से 31 जनवरी, 2024 | नई दिल्ली |

- **दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एसजेडसीसी), तंजावुर**:

**2021-22**

| क्र. सं. | कार्यकलापों/कार्यक्रमों का नाम | तारीख | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|---|
| i. | आज़ादी का अमृत महोत्सव | 6 अगस्त, 2021 | कर्नाटक |
| ii. | महाकवि सुब्रमण्य भारती स्मृति दिवस शताब्दी | 18 सितंबर, 2021 | नई दिल्ली |
| iii. | ऑक्टेव – नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल 2022 | 12 से 15 मार्च, 2022 | तमिलनाडु |
| iv. | राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव 2022 | 26 मार्च से 3 अप्रैल 2022 | आंध्र प्रदेश और तेलंगाना |

**2022-23**

| क्र. सं. | कार्यकलापों/कार्यक्रमों का नाम | तारीख | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|---|
| i. | फेट-डे-पुदुचेरी | 14 से 16 अगस्त, 2022 | पुदुचेरी |
| ii. | हैदराबाद मुक्ति दिवस | 15 से 17 सितंबर, 2022 | तेलंगाना |
| iii. | दशहरा उत्सव | 26 सितंबर से 5 अक्टूबर, 2022 | कर्नाटक |
| iv. | काशी तमिल संगमम | 17 नवंबर से 16 दिसंबर, 2022 | उत्तर प्रदेश |

**2023-24**

| क्र. सं. | कार्यकलापों/कार्यक्रमों का नाम | तारीख | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|---|
| i. | सौराष्ट्र तमिल संगमम | 19-29 अप्रैल, 2023 | गुजरात |
| ii. | किला और कहानियाँ कार्यक्रम | 18 जुलाई, 2023 | तमिलनाडु |
| iii. | फेट-डे-पुदुचेरी | 14-16 अगस्त, 2023 | पुदुचेरी |
| iv. | हैदराबाद मुक्ति दिवस | 15-17 सितंबर, 2023 | तेलंगाना |
| v. | मेरी माटी मेरा देश | 9-14 अगस्त, 2023<br>28 सितम्बर, 2023<br>और<br>28-31 अक्टूबर, 2023 | तेलंगाना<br>पुदुचेरी<br>राजस्थान |
| vi. | काशी तमिल संगमम | 15-30 दिसंबर, 2023 | उत्तर प्रदेश |
| vii. | 7वां अंतरराष्ट्रीय लोकसाहित्य फिल्म महोत्सव | 8-12 सितंबर, 2023 | केरल |
| viii. | ग्रीष्मकालीन उत्सव | 21-25 मई, 2023 | तमिलनाडु |
| ix. | पोंगल उत्सव | 27-28 जनवरी, 2024 | तमिलनाडु |
| x. | हैदराबाद मुक्ति दिवस | 15-17 सितंबर, 2023 | तेलंगाना |
| xi. | अखिल भारतीय शिल्प मेला | 16-18 दिसंबर, 2023 | तेलंगाना |
| xii. | काशी तेलुगु संगमम | 13-15 जनवरी, 2024 | नई दिल्ली |

➢ **उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एनसीजेडसीसी), प्रयागराज:**

**2021-22**

| क्र. सं. | कार्यकलापों/कार्यक्रमों का नाम | तारीख | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|---|
| i. | आज़ादी का अमृत महोत्सव | 2 अप्रैल, 2021 | उत्तर प्रदेश |
| ii. | लोकरंग | 22-24 दिसंबर, 2021 | उत्तर प्रदेश |
| iii. | राष्ट्रीय शिल्प मेला | 1-12 दिसंबर, 2021 | उत्तर प्रदेश |
| iv. | शंख वादन | 1 जनवरी, 2022 | उत्तर प्रदेश |
| v. | चलो मन गंगा यमुना तीर | 21-30 जनवरी, 2022 | उत्तर प्रदेश |
| vi. | वंदे भारतम नृत्य उत्सव | 26 जनवरी, 2022 | नई दिल्ली |
| vii. | मारु नाट्य उत्सव | 22-25 मार्च, 2022 | राजस्थान |

**2022-23**

| क्र. सं. | कार्यकलापों/कार्यक्रमों का नाम | तारीख | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|---|
| i. | स्वर संध्या | 12 मार्च, 2022 | नई दिल्ली |
| ii. | मारू नाट्य महोत्सव | 22-25 मार्च, 2022 | बीकानेर |
| iii. | चातुर्य नाट्योत्सव | 26-28 मार्च, 2022 | बिहार |
| iv. | कबीर महोत्सव | 14-16 जून, 2022 | उत्तर प्रदेश |
| v. | राष्ट्रीय शिल्प मेला | 1-12 दिसंबर, 2022 | उत्तर प्रदेश |
| vi. | चलो मन गंगा यमुना तीर | 18-27 जनवरी, 2023 | उत्तर प्रदेश |
| vii. | वंदे भारतम नृत्य उत्सव | 26 जनवरी, 2023 | नई दिल्ली |
| viii. | आदि महोत्सव | 16-27 फरवरी, 2023 | नई दिल्ली |
| ix. | ऑक्टेव | 24-26 फरवरी, 2023 | बिहार |

**2023-24**

| क्र. सं. | कार्यकलापों/कार्यक्रमों का नाम | तारीख | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|---|
| i. | गंगा सांस्कृतिक यात्रा | 10-11 जून, 2023 | उत्तराखंड |
| ii. | किला और कहानियाँ | 18-19 जून, 2023 और 4-7 अगस्त, 2023 | उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश |
| iii. | राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव | 08-12 अगस्त, 2023 | उत्तर प्रदेश |
| iv. | मेरी माटी मेरा देश | 12, 14 और 15 अगस्त, 2023 | उत्तर प्रदेश |

| | | | |
|---|---|---|---|
| v. | जनजातीय उत्सव | 29 सितंबर-01 अक्टूबर, 2023 | मध्य प्रदेश |
| vi. | क्षेत्रीय राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव | 29 सितंबर-02 अक्टूबर, 2023 | नई दिल्ली |
| vii. | राष्ट्रीय शिल्प मेला | 01-12 दिसंबर, 2023 | उत्तर प्रदेश |
| viii. | काशी तमिल संगमम | 17-30 दिसंबर, 2023 | उत्तर प्रदेश |
| ix. | वंदे भारतम नृत्य उत्सव | 26 जनवरी, 2024 | नई दिल्ली |
| x. | रामोत्सव | 14 जनवरी-29 फरवरी, 2024 | उत्तर प्रदेश |
| xi. | चलो मन गंगा यमुना तीर | 05-14 फरवरी, 2024 | उत्तर प्रदेश |
| xii. | मार्कण्डेय महादेव महोत्सव | 10-12 फरवरी, 2024 | उत्तर प्रदेश |
| xiii. | आदि महोत्सव | 10-18 फरवरी, 2024 | नई दिल्ली |

➢ **पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र** (डब्ल्यूजेडसीसी)**, उदयपुर**:

**2021-22**

| क्र. सं. | कार्यकलापों/कार्यक्रमों का नाम | तारीख | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|---|
| i. | आज़ादी का अमृत महोत्सव भारत@75 | 6 अप्रैल, 2021 | गुजरात |

**2022-23**

| क्र. सं. | कार्यकलापों/कार्यक्रमों का नाम | तारीख | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|---|
| i. | गणेशोत्सव | 5-12 सितंबर, 2022 | गोवा |
| ii. | मल्हार-शास्त्रीय नृत्य संगीत समारोह | 6-8 सितंबर, 2022 | राजस्थान |
| iii. | राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम | 27-30 अक्टूबर, 2022 | गुजरात |
| iv. | शिल्पग्राम उत्सव | 21-30 दिसंबर, 2022 | राजस्थान |
| v. | लोकोत्सव | 29 जनवरी से 8 फरवरी, 2023 | गोवा |
| vi. | वसंतोत्सव | 11 से 20 मार्च, 2023 | गुजरात |
| vii. | ऋतु बसंत | 20 से 22 मार्च, 2023 | राजस्थान |
| viii. | राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव | 25 फरवरी से 5 मार्च, 2023 | राजस्थान |
| ix. | ऑक्टेव | 25 से 28 मार्च, 2023 | गोवा |

**2023-24**

| क्र. सं. | कार्यकलापों/कार्यक्रमों का नाम | तारीख | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|---|
| i. | सौराष्ट्र तमिल संगमम | 17- 29 अप्रैल, 2023 | गुजरात |
| ii. | किला और कहानियां | 28-30 अप्रैल, 2023 | राजस्थान |
| iii. | हर घर तिरंगा और मेरी माटी मेरा देश अभियान | 9 से 15 अगस्त, 2023 और 16-22 सितंबर, 2023 | राजस्थान और गुजरात |
| iv. | मल्हार | 25 -27 अगस्त, 2023 | राजस्थान |
| v. | क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव | 21-24 सितंबर, 2023 | महाराष्ट्र |
| vi. | गणेशोत्सव | 24-30 सितंबर, 2023 | गोवा |
| vii. | मेरी माटी मेरा देश | 2 से 13 अक्टूबर, 2023 और 28-31 अक्टूबर 23 | राजस्थान एवं दिल्ली |
| viii. | शिल्पग्राम उत्सव | 21-30 दिसंबर, 2023 | राजस्थान |
| ix. | रामोत्सव | 14 जनवरी से 24 मार्च, 2024 | उत्तर प्रदेश |
| x. | लोकोत्सव | 26 जनवरी से 4 फरवरी, 2024 | गोवा |
| xii. | वसंतोत्सव | 14-23 फरवरी, 2024 | गुजरात |
| xiii. | ऋतु वसंत | 23-25 फरवरी, 2024 | राजस्थान |

- **दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र** (एससीजेडसीसी)**, नागपुर**:

**2021-22**

| क्र. सं. | कार्यकलापों/कार्यक्रमों का नाम | तारीख | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|---|
| i. | 30वां डॉ. वसंतराव देशपांडे स्मृति संगीत समारोह | 30 जुलाई से 1 अगस्त, 2021 | महाराष्ट्र |
| ii. | खासदार महोत्सव | 17-26 दिसंबर, 2021 | महाराष्ट्र |
| iii. | मालवा उत्सव | 25-31 दिसंबर, 2021 | मध्य प्रदेश |
| iv. | राष्ट्रीय पारंपरिक एवं जनजातीय चित्रकला कार्यशाला | 18-24 फरवरी, 2022 | आंध्र प्रदेश |
| v. | ऑक्टेव-उत्तर पूर्व महोत्सव | 5-8 मार्च, 2022 | छत्तीसगढ़ |
| vi. | 28वां ऑरेंज सिटी क्राफ्ट मेला और लोक नृत्य महोत्सव | 11-20 मार्च, 2022 | महाराष्ट्र |
| vii. | करकला महोत्सव | 14-20 मार्च, 2022 | कर्नाटक |

**2022-23**

| क्र. सं. | कार्यकलापों/कार्यक्रमों का नाम | तारीख | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|---|
| i. | मालवा महोत्सव | 25-31 मई, 2022 | मध्य प्रदेश |
| ii. | बिरसा मुंडा जयंती (नाटक एवं नुक्कड़ नाटक) | 10-11 जून, 2022 | छत्तीसगढ़ |
| iii. | 29वां ऑरेंज सिटी क्राफ्ट मेला और लोक नृत्य महोत्सव | 13-22 जनवरी, 2023 | महाराष्ट्र |
| iv. | राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव - 2023 | 11-19 फरवरी, 2023 | महाराष्ट्र |
| v. | वितस्ता (कश्मीर) महोत्सव | 29 मार्च से 2 अप्रैल, 2023 | महाराष्ट्र |

**2023-24**

| क्र. सं. | कार्यकलापों/कार्यक्रमों का नाम | तारीख | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|---|
| i. | 32वां डॉ. वसंतराव देशपांडे स्मृति संगीत समारोह | 28-30 जुलाई, 2023 | महाराष्ट्र |
| ii. | मेरी माटी मेरा देश और हर घर तिरंगा अभियान - स्किट, नुक्कड़ नाटक "सांस्कृतिक कार्यक्रम" | 10-15 अगस्त, 2023<br><br>3-9 अक्टूबर, 2023 | महाराष्ट्र में 46 ब्लॉक/तहसील, कर्नाटक में 21 ब्लॉक/तहसील और छत्तीसगढ़ में 57 ब्लॉक/तहसील<br><br>महाराष्ट्र में 61 ब्लॉक/तहसील और कर्नाटक में 51 ब्लॉक/तहसील और छत्तीसगढ़ में 62 ब्लॉक/तहसील |
| iii. | 30वां ऑरेंज सिटी क्राफ्ट मेला और लोक नृत्य महोत्सव | 9-18 फरवरी, 2024 | महाराष्ट्र |

- **उत्तर पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एनईजेडसीसी), दीमापुर:**

**2021-22**

| क्र. सं. | कार्यकलापों/कार्यक्रमों का नाम | तारीख | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|---|
| i. | उमंग कार्यक्रम (डोर मैट बनाने पर कार्यशाला) | 22 और 23 सितंबर, 2021 | नागालैंड |
| ii. | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती | 21 अक्टूबर, 2021 | असम और नागालैंड |

| | | | |
|---|---|---|---|
| iii. | होजागिरी महोत्सव | 22 और 23 अक्टूबर, 2021 | त्रिपुरा |
| iv. | सीमा क्षेत्र कार्यक्रम | 6-7 दिसंबर, 2021 | सिक्किम |
| v. | हॉर्नबिल महोत्सव | 7 दिसंबर, 2021 | नागालैंड |
| vi. | शिल्प महोत्सव | 17-20 जनवरी, 2021 | असम |

**2022-23**

| क्र. सं. | कार्यकलापों/कार्यक्रमों का नाम | तारीख | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|---|
| i. | शिरु लिली महोत्सव | 25-28 मई, 2022 | मणिपुर |
| ii. | ड्री महोत्सव | 5 जुलाई, 2022 | अरुणाचल प्रदेश |
| iii. | लोकमंथन | 21-23 सितंबर, 2022 | असम |
| iv. | पंचकला महोत्सव | 12-13 नवंबर, 2022 | असम |
| v. | संगाई महोत्सव | 22-24 नवंबर, 2022 | मणिपुर |
| vi. | माघ संक्रांति महोत्सव | 13-15 जनवरी, 2023 | सिक्किम |

**2023-24**

| क्र. सं. | कार्यकलापों/कार्यक्रमों का नाम | तारीख | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|---|
| i. | अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मार्ट - एनईआर | 22 नवंबर, 2023 | मेघालय |
| ii. | जुनबील मेला | 18-19 जनवरी, 2024 | असम |
| iii. | पूर्वोत्तर महोत्सव | 23-24 जनवरी, 2024 | असम |

- **पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र (ईजेडसीसी), कोलकाता:**

**2021-22**

| क्र. सं. | कार्यकलापों/कार्यक्रमों का नाम | तारीख | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|---|
| i. | भारत@75 विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम | 21 अक्टूबर, 2021 | पश्चिम बंगाल |
| ii. | स्वामी विवेकानंद जयंती | 12 जनवरी, 2022 | पश्चिम बंगाल |
| iii. | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती | 23 जनवरी, 2022 | पश्चिम बंगाल |

**2022-23**

| क्र. सं. | कार्यकलापों/कार्यक्रमों का नाम | तारीख | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|---|
| i. | रथ यात्रा | 2-8 जुलाई, 2022 | ओडिशा |
| ii. | बाली यात्रा | 8-16 नवंबर, 2022 | ओडिशा |
| iii. | जन जाति गौरव दिवस | 15 नवंबर, 2022 | पश्चिम बंगाल |
| iv. | वीर गाथा | 8 जनवरी, 2023 | पश्चिम बंगाल |
| v. | डोल बसंता - कविता, गीत और नृत्य | 7 मार्च, 2023 | पश्चिम बंगाल |

**2023-24**

| क्र. सं. | कार्यकलापों/कार्यक्रमों का नाम | तारीख | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|---|
| i. | कोबी प्रणाम | 9 – 11 मई, 2023 | पश्चिम बंगाल |
| ii. | मेरी माटी मेरा देश और हर घर तिरंगा अभियान | 9 – 15 अगस्त, 2023 | बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल |
| iii. | गंगा संस्कृति यात्रा | 26 और 28 अगस्त, 2023 | बिहार |
| | | 19 और 21 सितंबर, 2023, 12 और 17 अक्टूबर, 2023 और 3 दिसंबर, 2023 | पश्चिम बंगाल |
| iv. | कलाक्रांति पूर्वांचलीय लोक महोत्सव | 14-17 दिसंबर, 2023 | पश्चिम बंगाल |
| v. | द्वीप पर्यटन महोत्सव | 26-30 दिसंबर, 2023 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह |
| vi. | त्रिवेणी कुंभ मेला | 11-13 फरवरी, 2024 | पश्चिम बंगाल |
| vii. | डोल बसंता - कविता, गीत और नृत्य महोत्सव | 24 - 26 मार्च 2024 | पश्चिम बंगाल |

*****